**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 44**

**19 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए**

**इस्पात संयंत्रों द्वारा ऑक्सीजन का उत्पादन**

**44. श्री नलीन कुमार कटील:**
**श्री पी.वी. मिथुन रेड्डी:**
**श्री तालारी रंगैय्या:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोविड-19 वैश्विक महामारी से लड़ने और लोगों को राहत प्रदान करने के लिए इस्पात क्षेत्र द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकारी के साथ-साथ निजी क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों को हाल ही के समय हुई कोविड-19 2.0 वैश्विक महामारी के दौरान देश में जीवन रक्षक लिक्विड मेडीकल ऑक्सीजन (एल.एम.ओ.) की आपूर्ति के लिए सरकार से निर्देश प्राप्त हुए हैं;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन महीनों के दौरान आपूर्ति की गई मात्रा का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस्पात संयंत्रों ने देश की एलएमओ आवश्यकता, जो लगभग 10 हजार एमटी प्रतिदिन है, को पूरा करने में बड़े हिस्से का योगदान किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

(ङ) देश में अब तक इस्पात कंपनियों द्वारा स्थापित किए गए ऑक्सीजन सुविधा वाले बिस्तरों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(च) देश भर में अब तक सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उपक्रमों द्वारा खरीदे गए ऑक्सीजन कंसेन्ट्रेटरों और ऑक्सीजन कम्प्रेसरों की और स्थापित किए गए पी.एस.ए. ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री (श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): कोविड-19 वैश्विक महामारी से लड़ने और लोगों को राहत प्रदान करने के लिए इस्पात क्षेत्र द्वारा किए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:-

(i) लिक्विड मेडीकल ऑक्सीजन (एलएमओ) के उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ाना;

(ii) इस्पात संयंत्रों के भीतर अस्पतालों में कोविड रोगियों के लिए बिस्तर निर्धारित करना;

(iii) गैसीय ऑक्सीजन की आपूर्ति के जरिए जंबो कोविड केयर सुविधाओं की स्थापना;

(iv) इस्पात संयंत्रों में प्रेशर स्विंग एब्जॉर्प्शन (पीएसए) इकाइयों को आरंभ करना;

(v) अतिरिक्त वेंटिलेटर्स, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर्स, सीपीएपी मशीन मुहैया करना;

(vi) टीकाकरण अभियानों का आयोजन करना।

(ख) और (ग): इस्पात संयंत्रों द्वारा अप्रैल-जून, 2021 के अवधि के दौरान आपूर्ति किए गए एलएमओ का (राज्य-वार) विवरण **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

(घ): अप्रैल-मई 2021 में महामारी के चरम के दौरान, एलएमओ की आपूर्ति, जो दिनांक 01 अप्रैल, 2021 में सिर्फ 538 एमटी थी, 13 मई 2021 में बढ़कर 4749 एमटी की अधिकतम आपूर्ति तक पहुँच गई थी।

(ङ): इस्पात कंपनियों द्वारा स्थापित ऑक्सीजनयुक्त बिस्तरों की संख्या का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में संलग्न है।

(च): इस्पात पीएसयू द्वारा स्थापित ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर्स और पीएसए संयंत्रों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

| ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर्स | पीएसए संयंत्र |
|---|---|
| 165 | 4 |

****

**अनुलग्नक – I**

**इस्पात संयंत्रों द्वारा अंतिम तीन माह के दौरान आपूर्ति किए गए एलएमओ (राज्य-वार) विवरण**

| **एलएमओ आपूर्ति (अप्रैल 2021 – जून 2021)** | | | *(आंकड़े मीट्रिक टन में)* |
|---|---|---|---|
| **राज्य** | **अप्रैल, 2021** | **मई, 2021** | **जून, 2021** |
| महाराष्ट्र | 11618.62 | 13162.68 | 3533.97 |
| मध्य प्रदेश | 4354.7 | 6222.36 | 612.9 |
| छत्तीसगढ़ | 2848.1 | 3635.38 | 502.81 |
| आंध्र प्रदेश | 5728.59 | 16019.19 | 5994.71 |
| झारखंड | 1727.68 | 3257.72 | 788.871 |
| पश्चिम बंगाल | 3638.6 | 7068.86 | 3274.43 |
| बिहार | 1223.5 | 2895.25 | 332.5 |
| ओडिशा | 1779.15 | 6858.02 | 3181.32 |
| उत्तर प्रदेश | 4090.35 | 9605.1 | 922.05 |
| गुजरात | 3991.26 | 2549.08 | 860.9 |
| कर्नाटक | 7125.35 | 20990.4 | 10768.46 |
| तेलंगाना | 4362.8 | 8986.64 | 2685.89 |
| तमिलनाडु | 1212.83 | 3832.5 | 4646.21 |
| हरियाणा | 1342.15 | 6410.43 | 568.56 |
| दिल्ली | 258.58 | 1878.17 | 0 |
| असम | 144.65 | 971.12 | 675.25 |
| केरल | 97.95 | 765.33 | 430.62 |
| गोवा | 63.76 | 443.05 | 204.11 |
| पंजाब | 239.05 | 1580.31 | 23.36 |
| राजस्थान | 0 | 700.45 | 0 |
| जम्मू और कश्मीर | 0 | 18.16 | 0 |
| उत्तराखंड | 0 | 470.28 | 0 |
| **माह-वार कुल** | **55848** | **118320** | **40007** |
| **कुल योग** | **214175 एमटी** | | |

**अनुलग्नक – II**

**ऑक्सीजनयुक्त बिस्तरों का स्थापना का राज्य-वार विवरण**

| **राज्य** | **ऑक्सीजनयुक्त बिस्तरों की संख्या** |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 440 |
| छत्तीसगढ़ | 230 |
| गुजरात | 1000 |
| झारखंड | 950 |
| कर्नाटक | 1200 |
| महाराष्ट्र | 200 |
| ओडिशा | 435 |
| पश्चिम बंगाल | 400 |
| **कुल** | **4855** |

****